शुक्रवार
14 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ दूसरे दिन भी चला अभियान, जमानियां व सेवराई में छापेमारी 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### एक लाख रुपए घूस लेते पकड़े गए काको के सीओ

**पटना।** निगरानी विभाग की 10 सदस्यीय टीम ने गुरुवार की सुबह जहानाबाद के गांधी नगर मोहल्ला मे छापेमारी कर काको के सीओ दिनेश कुमार सिंह को एक लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। घोसी थाना क्षेत्र के वैना गांव के निवासी राहुल कुमार से उनकी जमीन का दाखिल खारिज करने के एवज में घूस की मांग की गई थी। इसकी शिकायत राहुल कुमार ने निगरानी विभाग में की थी। मामले के सत्यापन के बाद प्राथमिकी दर्ज कर निगरानी विभाग के आरक्षी उपाधीक्षक अरुण पासवान के नेतृत्व में निगरानी डीएसपी अरुणोदय पांडेय के अलावा पुलिस निरीक्षक योगेंद्र कुमार और मुरारी प्रसाद समेत 10 सदस्यीय टीम ने कार्रवाई की। टीम का नेतृत्व कर रहे डीएसपी अरुण पासवान ने बताया कि वैना निवासी राहुल कुमार से काको के हाजीपुर गांव के समीप उनकी जमीन का दाखिल खारिज करने के लिए कई बार उन्हें इधर से उधर भटकाया जा रहा था और फिर घूस की मांग की गई थी।

### सड़क हादसे में बाल-बाल बचे सांसद रामकृपाल यादव

**पटना।** सांसद रामकृपाल यादव गुरुवार को सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। फुलवारीशरीफ में उनकी गाड़ी के साथ एक कंटेनर की जोरदार टक्कर हो गई। हालांकि इस हादसे में सांसद की जान तो बच गई लेकिन उनकी गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सांसद की गाड़ी में धक्का लगने की खबर सुनते ही मौके पर वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। इसके बाद पुलिस ने कंटेनर को चालक समेत पकड़ लिया।

# भ्रष्ट पूर्णिया एसपी ने बाथरूम और किचन की सजावट पर खर्चे 19 लाख रुपये

- शिकंजे में भ्रष्ट आईपीएस, मात्र छह साल की नौकरी में बनाई अकूत संपत्ति
- करीब 21 लाख रुपए केवल फ्लैट के अंदर लकड़ी के काम पर खर्च किए गए

**केटी न्यूज/पटना**



भ्रष्टाचार में लिप्त पूर्णिया एसपी दयाशंकर ने मात्र छह साल की नौकरी में ही अकूत संपत्ति बना ली है। विशेष निगरानी और आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी में इस बात की जानकारी मिली है कि पटना के दानापुर स्थित विनसम एम्पायर में दो फ्लैट के अलावा इसी विनसम एम्पायर में एक दुकान उनकी है। उनके फ्लैट से 1.52 लाख रुपये नकद के साथ 35 लाख रुपये का सोना जब्त किया गया है। यहां से दो वाहन इनोवा और काम्पास जीप भी बरामद की गई है। एसडीपीओ जगदीशपुर, एसपी शेखपुरा और एसपी पूर्णिया के पद पर रहते हुए 2016 से अब तक वैध तरीके से 1.09 करोड़ और करीब 72.71 लाख रुपये की अवैध कमाई की। अपनी काली कमाई से एसपी दयाशंकर ने इतना पैसा बनाया कि दानापुर के अपने फ्लैट की साज-सज्जा पर पानी की तरह पैसा बहाया। सजावट पर किए गए बेतहाशा खर्च का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल बाथरूम और किचन को सजाने में ही 19 लाख रुपए खर्च कर दिए गए। वहीं करीब 21 लाख रुपए केवल फ्लैट के अंदर लकड़ी के काम पर खर्च किए गए हैं। वहीं दीवार आदि पर डिजाइन बनाने में भी 3 लाख रुपए लगे हैं। छापेमारी के वक्त अधिकारियों को उनके घर से जीप कम्पॉस और इनोवा गाड़ी के ओरिजनल पेपर भी मिले हैं। दोनों गाड़ियां भी अपार्टमेंट के पार्किंग भी लगी थी पर उनके मालिक दूसरे लोग हैं। एक गाड़ी शेखपुरा के एक फर्म से जुड़ी है तो दूसरे का मालिक एक फिटनेस सेंटर से जुड़े व्यक्ति बताए जाते हैं।

**फ्लैट में लगी बत्तियां ब्लूटूथ से जलती और बूझती हैं:** विंसम इम्पायर फ्लैट में सिर्फ साज-सज्जा का ही ख्याल नहीं रखा गया था, एशोआराम के लिए महंगे सामान भी लगाए गए थे। बताया जाता है कि फ्लैट में लगी बत्तियां ब्लूटूथ से ही जलती और बूझती थीं। वहीं घर में काफी महंगा टीवी भी लगा है, जिसकी कीमत 2.30 लाख रुपये बतायी जाती है।

### एसपी ऑफिस में तैनात 15 पुलिसकर्मियों का तबादला, उनके खिलाफ जांच शुरू

एसपी दयाशंकर पर विशेष निगरानी इकाई के छापे के बाद बुधवार को पुलिस विभाग में अफरातफरी मची रही। स्पेशल विजिलेंस यूनिट के एडीजी नैयर हसनैन खां ने आईजी सुरेश चौधरी को एसपी ऑफिस व आवास में तैनात पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच को कहा है। एडीजी ने मामले में पुलिसकर्मियों के संलिप्त होने की आशंका जताई थी। आईजी सुरेश चौधरी ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है और उनके खिलाफ जांच भी शुरू कर दी गई है। एसपी ऑफिस में तैनात सच्चिदानंद सिंह व नीरज कुमार के अलावा अश्वनी कुमार, अमित झा, रोहित कुमार, दिग्विजय , अजय कुमार, पिंटू कुमार, संगम कुमार, मेघनाथ चौधरी, रामाशंकर, निर्भय कुमार, अनिकेत, रमेश कुमार, प्रकाश साह का भी दूसरी जगह तबादला किया गया है। दफ्तर-आवास से जुड़े अन्य कर्मियों का भी जांच हो रही है। 2014 में आईपीएस अधिकारी बनने के बाद दयाशंकर एसपीडीओ जगदीशपुर और भोजपुर में रहे। इसके बाद शेखपुरा और फिर पूर्णिया में बतौर एसपी पोस्टिंग हुई। यानी छह साल की नौकरी में दो अलग-अलग पदों पर चार स्थानों पर कार्यरत रहे।

# 7841 गांव सूखाग्रस्त घोषित हर परिवार को मिलेंगे 3500 रु

## कैबिनेट की बैठक: 21 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ा

- राज्य के 11 जिले को घोषित किया गया सूखाग्रस्त, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोले- प्रभावित किसानों को जल्द मिले सहायता
- शराबबंदी को सफल बनाने के लिए 905 मद्ध निषेध कर्मियों को बहाल करने का निर्णय

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 21 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। बैठक में राज्य के 11 जिलों के 7841 गांवों को सुखाग्रस्त घोषित करते हुए प्रत्येक परिवार को 3500 सहायता के रुप में दिए जाने का फैसला लिया गया। वहीं बैठक के दौरान राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता में 4 फीसदी बढ़ाने का ऐलान किया गया। इसके तहत वेतन भोगियों, पेंशन भोगियों को 1 जुलाई 2022 के प्रभाव से 34 फीसदी की जगह पर अब 38 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। वहीं राज्य में लागू शराबबंदी को सफल बनाने के लिए 905 मद्ध निषेध कर्मियों को बहाल करने का निर्णय लिया गया है।

सैप में कार्यरत कुल 3953 सेवानिवृत्त सैनिकों की अनुबंध अवधि 2022-23 के लिए विस्तारित करने की स्वीकृति दी गई है। बिहार के प्रोबेशन निदेशालय में अतिरिक्त 97 निम्न वर्गीय लिपिक, 30 उच्च वर्गीय लिपिक तथा 10 प्रधान लिपिक यानी कुल 137 अतिरिक्त लिपिक संवर्ग के पदों की स्वीकृति दी गई है। इस पर हर साल 5 करोड़ 25 लाख से अधिक का खर्च आयेगा।

बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षाः इसके साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कम और अनियमित बारिश से उत्पन्न स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने अधिकारियों से कहा कि डीजल अनुदान योजना के तहत बचे आवेदकों को अनुदान का लाभ तेजी से दिलाएं। साथ ही आकस्मिक फसल योजना के तहत किये गये बीज वितरण का फायदा सभी किसानों को दिया जाए, जिससे उन्हें कृषि कार्य में राहत मिल सके। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कम बारिश से प्रभावित सभी जिलों के प्रखंड, पंचायत, गांव और टोला स्तर तक सुखाड़ की स्थिति का आकलन कर प्रभावित किसानों को जल्द सहायता दी जाए। उन्होंने कहा कि जितने क्षेत्रों में धान की रोपनी हुई है, उसकी सिंचाई के लिए किसानों को डीजल अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति में हर वर्ष प्रभावित लोगों को मदद करते हैं। सरकार किसानों को हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्तूबर में अधिक बारिश के कारण कई जिलों में फसल क्षति की जानकारी मिली है। प्रभावित जिलों के संभावित फसल क्षति का आकलन कराएं और प्रभावित किसानों को भी सहायता उपलब्ध कराएं।

**डीजल अनुदान के लिए 96.31 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरितः** आपदा प्रबंधन-सह-जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि डीजल अनुदान योजना के अंतर्गत 11 लाख 22 हजार 797 हजार आवेदन मिले हैं। इसमें से छह लाख 67 हजार 42 आवेदकों के खाते में 96.31 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित कर दी गयी है।

### बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए खर्च होंगे 3056 करोड़ रु

बिहार में बिजली आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था करने के लिए राज्य सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट बैठक में 3056 .42 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को हिस्सा पूंजी के रूप में इक्विटी स्वरूप उपलब्ध कराने की मंजूरी दी गई है।

# देश में आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करना भाजपा का एजेंडा : ललन सिंह

### निकाय चुनाव पर रोक के खिलाफ जदयू ने किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/पटना**



निकाय चुनाव पर रोक लगाए जाने से नाराज जनता दल यूनाइटेड के नेता शुक्रवार को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किया। जदयू ने इसके लिए भाजपा और केंद्र सरकार को दोषी मानते हुए आरक्षण विरोधी भाजपा का पोल खोल' कार्यक्रम किया। जदयू ने यह साफ कर दिया है कि उनका यह कार्यक्रम बीजेपी के आरक्षण विरोधी चेहरे को बेनकाब करने और इस मुद्दे पर उसके द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पार्टी के सभी सांसद,, विधायक, एमएलसी, पूर्व सांसद व विधायक अपने जिलों के कार्यक्रम में भाग लिया। पटना के गांधी मैदान के गांधी मूर्ति के पास राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के नेतृत्व में 11 बजे से धरना प्रदर्शन किया गया। इसमे प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा सहित कई नेताओं ने भाग लिया।

पटना के गांधी मूर्ति पर धरने पर बैठे जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जी ने 2015 के चुनाव के पहले ही यह कहा था, कि आरक्षण व्यवस्था पर पुनर्विचार करना चाहिए। उसी समय हम लोग को लग गया था कि भारतीय जनता पार्टी का यह एजेंडा है कि इस देश में आरक्षण व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाए। अभी जो नगर निकाय चुनाव में अति पिछड़े वर्ग को बिहार में 20% का आरक्षण दिया गया। 2006 में पंचायती राज में दिया गया 2007 में नगर निकाय में दिया गया, यह मामला पटना हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक गया। दोनों के द्वारा राज्य सरकार के इस कानून को सही ठहराया गया। उसके आधार पर 2007 में 2012 में और 2017 में तीन चुनाव हो चुके हैं। अब 2022 में एक नई साजिश हुई जिसके तहत आरक्षण व्यवस्था समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। हाई कोर्ट के द्वारा आयोग बनाने की बात कही गई है। यह आयोग बनाना मामले को लटकाने जैसा है।

# आरक्षण की लड़ाई लड़ने सड़कों पर उतरेगी विकासशील इंसान पार्टी

**केटी न्यूज/पटना**

अति पिछड़ा के आरक्षण को लेकर वीआईपी यानी विकासशील इंसान पार्टी बिहार के सभी प्रखंडों में 14 नवंबर से सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी ने गुरुवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि बिहार में आरक्षण की लड़ाई अब सड़कों पर लड़ी जाएगी। उन्होंने इसके लिए सभी को एकसाथ आने की अपील करते हुए नारा भी दिया कि अति पिछड़ा आरक्षण की हुई हकमारी, सब मिलकर लड़ेंगे भाई।

'सन ऑफ मल्लाह ' के नाम से चर्चित मुकेश सहनी ने कहा कि इसके लिए अति पिछड़ों के नाम एक खुला पत्र जारी करते हुए कहा कि 4 अक्टूबर 2022 को पटना उच्च न्यायलय में सुनाया गया फैसला एक प्रकार से आरक्षण पर सुनाया गया परम्परागत फैसला है, जो अति पिछड़ा वर्ग को दी जा रही सम्पूर्ण आरक्षण पर प्रश्न चिह्न लगाता है। उन्होंने पत्र में लिखा कि मुंगेरी लाल आयोग (1976) ने कहा है कि न्यायालय द्वारा आरक्षण के सवाल को हर बार उलझाने की कोशिश की जाती रही है।

### मां का बदला लेने के लिए बेटे ने चार लोगों को मारी गोली

**पटना।** गुरुवार को बेतिया जिले के योगापट्टी थाना क्षेत्र के गोलाघाट डुमरी के अहिरौली गांव में अपराधियों ने चार लोगों को गोली मा दी। बदमाशों ने अहरौली गांव निवासी राजा बाबू पटेल के घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। आरोपी रंजीत अपने फुफुरे भाई विजय पटेल को मारने आया था क्योंकि विजय ने उसकी मां से 10 साल पहले घर से भागकर शादी कर ली थी, बाद में उसकी हत्या कर दी थी।

# सिंगापुर गए लालू ने परिवार के साथ बिताए फुर्सत के पल

**केटी न्यूज/पटना**



आरजेडी सुप्रीमो व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव किडनी का इलाज कराने सिंगापुर गए हैं। वह सिंगापुर में रह रही अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के घर पर हैं। गुरुवार को रोहिणी ने लालू प्रसाद से जुड़ी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इनमें लालू यादव घर और बीच पर फुर्सत के पल बिताते हुए नजर आ रहे हैं। रोहिणी ने लिखा कि जिन लोगों को पिता प्यार और मां का दुलार मिलता है, वो बड़े नसीब वाले होते हैं। इससे पहले रोहिणी बुधवार को अपने पिता लालू यादव को सिंगापुर एयरपोर्ट पर रिसीव करने पहुंची थी। उन्होंने इसका वीडियो भी शेयर किया था। लालू यादव व्हीलचेयर पर बैठकर एयरपोर्ट से बाहर निकले। पिता से मिलते ही रोहिणी ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। बता दें कि लालू यादव को किडनी से जुड़ी समस्या है। दिल्ली एम्स में उनका इलाज चला था। वहां के डॉक्टरों ने सिंगापुर में इलाज की सलाह दी। बताया जा रहा है कि सिंगापुर में बेहतर इलाज की सुविधा है। ऐसे में परिवार वालों ने लालू को वहां ले जाने का फैसला लिया। इलाज करने के बाद लालू यादव वापस भारत लौट जाएंगे।

# डेंगू के समुचित प्रबंधन की जानकारी के लिए पटना में खोला गया नियंत्रण कक्ष

- डेंगू जांच किट की उपलब्धता व खपत समेत अन्य स्वास्थ्य संबंधी बातों की देनी होगी जानकारी

**केटी न्यूज/पटना**



राज्य में डेंगू बीमारी काफी तेजी से पांव पसार रहा है। डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर है। डेंगू के बढ़ रहे प्रकोप से उत्पन्न स्थिति की रोकथाम एवं मरीजों के चिकित्सकीय उपचार तथा उसके समुचित प्रबंधन की सतत निगरानी हेतु बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना में राज्य स्तर पर 104 कॉल सेंटर सह नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। उक्त नियंत्रण कक्ष सोमवार से लेकर शनिवार तक तीन शिफ्ट में काम करेगा। जिसकी निगरानी मलेरिया व डेंगू विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विनय कुमार शर्मा की देख-रेख में की जाएगी। इस कार्य में डॉ शर्मा को सहयोग करने के लिए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी राजकुमार को नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त किया गया है।

**सभी जिला अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों से ली जाएगी जानकारी :** ज्ञात हो कि उक्त नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त अधिकारी व कर्मी प्रत्येक दिन राज्य के सभी जिला अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों से डेंगू से संबंधित चिकित्सकीय उपचार तथा उसके समुचित प्रबंधन की जानकारी हासिल करेंगे। जिसमें पहला डेंगू जांच किट की उपलब्धता एवं दैनिक खपत, डेंगू के संदिग्ध मरीजों की जांच, दूसरा भर्ती एवं डिस्चार्ज की अद्यतन स्थिति, प्लेटलेटस की उपलब्धता एवं दैनिक खपत की जानकारी मुहैया करानी है। इसके अलावा किसी मरीज के आपातकालीन या आकस्मिक स्थिति की सूचना मिलने पर उसे समुचित चिकित्सकीय उपचार का प्रबंध करना। यानि मरीज को एंबुलेंस की व्यवस्था एवं क्लीनिकल जरूरत के तहत उसके इलाज प्रारंभ होने तक अनिवार्य समन्वय बनाये रखने के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

**रोस्टरवार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे अधिकारी व कर्मी :** इस बाबत राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने निर्देश जारी किया है कि नियंत्रण कक्ष पर पदस्थापित पदाधिकारी व कर्मी रोस्टरवार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। साथ ही, डेंगू से संबंधित प्राप्त स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को प्रतिदिन मलेरिया व डेंगू विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार शर्मा को उपलब्ध कराएंगे। जबकि डॉ. शर्मा उक्त रिपोर्ट को राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक निदेशक केशवेंद्र कुमार को अवलोकित कराते हुए कार्यपालक निदेशक को अवगत कराएंगे।

# कर्मचारियों की सूझ-बूझ से लुटने से बच गया बिक्रमगंज का बैंक

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

कर्मचारियों की सूझ-बूझ के कारण गुरुवार को बिक्रमगंज का पंजाब नेशनल बैंक लुटने से बच गया। ऐन वक्त पर अलार्म बजने के कारण लुटेरे अपनी मकसद में कामयाब नहीं हो सके और फायरिंग करते हुए वहां से भाग निकले। मामला बिहार के सासाराम जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के खैरा भूधर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा का है। जानकारी के अनुसार लूटे की नीयत से चार लुटेरे हाथों में बंदूक लिये बैंक के अंदर घुसे। मामले को भांपते हुए बैंक कर्मचारी ने सूझ बूझ दिखाते हुए अलार्म बजा दिया। इस दौरान बैंक में ग्राहकों की भीड़ थी। अलार्म सुन ग्राहकों में भगदड़ मच गई। इस पर लुटेरे बैंक से भाग निकले। बताया जा रहा है कि 4 अपराधी बैंक पहुंचे थे। दो अपराधियों ने बैंक के मेन गेट को बंद कर दिया । जबकि दो अपराधी कैश काउंटर तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। तभी अलार्म बज उठा।

CMYK

## शहर छोटी खबरें

### काको सीओ ने अंचल कार्यालय को भ्रष्टाचार का कारखाना बना दिया था : माले

**जहानाबाद।** भाकपा माले के जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा ने काको सीओ अंचल कार्यालय को भ्रष्टाचार के अड्डेबाजी का केंद्र बना दिया था। भाकपा माले लंबे समय से महाभ्रष्ट और कमीशनखोर सीओ के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ रहा है। भ्रष्ट काको सीओ दिनेश शर्मा अपने दलालों के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी से सरकारी जमीन पर बसे गरीबों के खिलाफ आवेदन दिलवाता था और अतिक्रमण का नोटिस कर बड़े पैमाने पर गरीबों का भयादोहन करते हुए लाखों-लाख की वसूली के कारोबार में लिप्त था। काको सीओ भ्रष्टाचार के बदौलत अकूत संपत्ति अर्जित किया है। अपने सगे संबंधियों के नाम पर भी जमीन और मॉल संचालित करता है। अतः ऐसे भ्रष्ट नौकरशाहों को शीघ्र स्पीडी ट्रायल चला कर के कड़ी सजा देने एवं कमीशन और उससे अर्जित अकूत संपत्ति को जब्त करने की मांग किया है। साथ ही, कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और लूट पर रोक लगाने तथा भ्रष्ट कर्मी और पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी की है।

### आंखों की समुचित देखभाल बहुत जरूरी : एसीएमओ

**आरा।** विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदर अस्पताल के एसीएमओ कार्यालय में एक बैठक का आयोजन हुआ' जिसकी अध्यक्षता एसीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने की' इस अवसर पर आंखों की रक्षा हेतु जागरूकता पर विचार विमर्श हुआ' अध्यक्ष डॉ. केएन सिन्हा बताया कि दृष्टि सबसे जरूरी चीज है' इसके लिए आंखों की समुचित देखभाल बहुत जरूरी है जिसमें विटामिन-ए की प्रचुरता हो, जैसे पपीता सेवन आदि ' आंखों के किसी भी समस्या के लिए जल्द ही चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए और मधुमेह सहित बहुत से रोगों को भी समुचित इलाज होना चाहिए' नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एसके प्रसाद ने कहा कि आंखों में लाली होने पर, आंखों में लगातार पानी आने पर, आंखों में खुजली होने पर या आंख में कीचड़ होने पर जल्दी इसका समाधान करना चाहिए ' दृष्टि की जागरूकता के लिए शुक्रवार को डॉ. के न सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखाकर एक जागरूकता रथ को भी रवाना किया गया ' इस अवसर डॉ. एसके प्रसाद नेत्र रोग विशेषज्ञ, लिपिक आलोक कुमार, नेत्र सहायक मणि भूषण, डीपीएम रवि शंकर, डैम अश्विनी कुमार, एसीएमओ ऑफिस के राम बाबू, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, तारकेश्वर कुमार, रविंदर व संजीव सिंह आदि मौजूद थे।

# पहले पूर्व मुखिया के बेटे को मारी गोली, फिर इलाज को जाने के दौरान भी किया हमला

- इलाज कराने जाने के दौरान रास्ते में रोक बोलेरो में की गयी तोड़फोड़
- मुखिया सहित 16 लोगों के प्राथमिकी, चार-पांच अज्ञात भी आरोपित
- मामले की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुटी पुलिस



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के कोरी गांव में बुधवार की शाम पूर्व मुखिया के बेटे को गोली मारने के बाद इलाज कराने से रोकने का प्रयास भी किया गया था। अस्पताल जा रहे पूर्व मुखिया के बेटे और उसके परिजनों पर रास्ते में हमला कर दिया गया था। उस दौरान बोलेरो में तोड़फोड़ करते हुए चाबी छीन ली गयी। उसके बाद सभी हमलावर फायरिंग करते भाग निकले। तब पूर्व मुखिया के पुत्र हरेश पासवान को एक ऑटो से आरा लाया गया। उस कारण रास्ते में ही हरेश पासवान की मौत हो गयी। हत्या को लेकर हरेश पासवान के पिता पूर्व मुखिया रामेश्वर पासवान की तहरीर पर दर्ज प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है। उसमें मुखिया संजय चौधरी, उनके भाई और पुत्र सहित गांव के ही 16 लोगों को नामजद किया गया है। चार-पांच अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। पुलिस ने इस मामले में मुखिया संजय चौधरी को बुधवार को ही हिरासत में ले लिया है। प्राथमिक में कहा गया है आरोपित अपराधी प्रवृत्ति के हैं और हमेशा झगड़ा करते रहते हैं। बुधवार की शाम करीब सात बजे पूर्व मुखिया अपने दरवाजे पर बैठे थे। उनका पुत्र हरेश अपने दादा का खाना लेकर डेरा जा रहा था। तभी मुखिया, अपने तीन भाई व पुत्र सहित आठ लोगों के साथ हथियार लेकर पहुंच गये और हरेश को कहा कि बेटा तुम्हीं को खोज रहे थे। उसके बाद मुखिया ने हरेश को गर्दन और छाती में सटा कर गोली मार दी। उसके बाद सभी अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। उसे देख पूर्व मुखिया के घर की महिलाओं की ओर से ईंट-पत्थर चलाया गया। तब सभी आरोपित वहां से भाग गये। इधर, पुलिस मामले की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है। मुखिया से पूछताछ भी की जा रही है।

**रास्ते में हमला कर की गयी बोलेरो में तोड़फोड़ और फायरिंग**

प्राथमिकी के अनुसार गोली लगने के बाद हरेश पासवान को इलाज के लिए बोलेरो से आरा ले जाया जा रहा था। तभी रास्ते में सभी आरोपितों ने घेर लिया गया और बोलेरो की चाबी छीन ली गयी। उस दौरान हथियार से बोलेरो को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित फायरिंग करते भाग निकले। उसके बाद जख्मी हरेश पासवान को गांव के टेंपो से इलाज के लिए आरा लगा गया। लेकिन लेट हो जाने के कारण रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। प्राथमिक में कहा गया है कि सभी आरोपितों को करीब छह माह पूर्व चांदी थाना की पुलिस द्वारा हथियार के साथ स्कॉर्पियो से पकड़ा गया था।

**बेटे, भाई और सहयोगियों के साथ मुखिया ने हत्याकांड को दिया अंजाम**

हरेश पासवान हत्याकांड में मुखिया संजय चौधरी के अलावे उनके भाई अजय चौधरी, विनोद चौधरी, दीपक चौधरी, पुत्र राजन चौधरी, भतीजा भूटा चौधरी, राजू मियां, अजय पासवान, आनंद गुप्ता, सुमी सोनी, राजेश बारी, मनोज सिंह, मनोज पंडित, नीरज सिंह और अशोक चौरसिया को नामजद किया गया है। इनमें आनंद गुप्ता, सुमी सोनी राजेश बारी, मनोज सिंह, मनोज पंडित, नीरज सिंह और अशोक चौरसिया पर रास्ते में रोक कर बोलेरो में तोड़फोड़ व फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। वहीं मुखिया, उनके भाई और पुत्र सहित अन्य आठ पर हत्या के साथ रास्ते में हमला करने में भी आरोपित किया गया है। बता दें कि बुधवार की शाम कोरी गांव में मुखिया संजय चौधरी और पूर्व मुखिया रामेश्वर पासवान के घरवालों के बीच झड़प हुई थी। उस दौरान पूर्व मुखिया के बेटे की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। वहीं मारपीट और रोड़ेबाजी में मुखिया संजय चौधरी जख्मी हो गए थे। उनका पुलिस की देखरेख में इलाज कराया जा रहा है। घटनास्थल से पुलिस ने कुछ खोला भी बरामद किया था।

# भैंस से टकराई बाइक, दूध कारोबारी समेत दो लोगों की मौत, महिला जख्मी

## रफ्तार का कहरः आरा-मोहनियां हाईवे पर असनी गांव के समीप हुआ हादसा

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में स्थित आरा-मोहनियां हाईवे पर उदवंतनगर थाना अंतर्गत असनी गांव स्थित पुल के समीप बुधवार की शाम एक बाइक भैंस से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक महिला जख्मी हो गई। दोनों ने इलाज के दौरान शहर के अलग-अलग प्राइवेट अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी स्व. राजनाथ सिंह के 55 वर्षीय पुत्र बलिराम सिंह उर्फ बली और नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव निवासी स्व. माला प्रसाद यादव के 45 वर्षीय पुत्र मोहन सिंह थे।

इनमें बलिराम सिंह उर्फ बलि दूध कारोबारी बताया जा रहा है।



सदर अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे लोग

बहिरो निवासी मोहन सिंह के शव का पोस्टमार्टम टाउन थाना और बलिराम सिंह के शव का उदवंतनगर थाना द्वारा कराया गया। घटना को लेकर पुलिस और परिजनों द्वारा अलग-अलग बयान दिया जा रहा है। बलिराम सिंह उर्फ बलि के भतीजे लाल बहादुर सिंह ने बताया कि वह बुधवार की शाम गांव स्थित बनास नदी में भैंस धोने गए थे। भैंस धोने के बाद घर लौट रहे थे, तो उनके साथ एक महिला भी लौट रही थी। तभी बाइक सवार द्वारा दोनों को जोरदार ठोकर मार दी गयी। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए जीरोमाइल स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं जख्मी महिला का इलाज भी निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। इधर, उदवंतनगर थानाध्यक्ष का कहना है कि तीनों बुधवार की शाम एक ही बाइक से जगदीशपुर की ओर से लौट रहे थे। उसी दौरान असनी पुल के समीप एक मवेशी बाइक के सामने आ गयी। इससे उनकी बाइक उस मवेशी से टकरा गई और तीनों गिर पड़े। उसमें तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद तीनों को इलाज के लिए अलग-अलग निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां इदाज के दौरान रात में दोनों की मौत हो गई।

### मौत के बाद एक साथ दो घरों में मचा कोहराम

सड़क हादसे में मौत के बाद दोनों के घरों में कोहराम और रोना-धोना मच गया। बताया जाता है कि असनी निवासी बलिराम सिंह उर्फ बली अपने चार भाई और एक बहन में तीसरे स्थान पर थे। वह पेशे से दूध कारोबारी थे। उनके परिवार में पत्नी कमलावती देवी, पुत्री रूबी, सुषमा, पुत्र दिलीप और राहुल है। वहीं बहिरो निवासी मोहन सिंह के परिवार में पत्नी मीना देवी एवं अन्य सदस्य है। घटना के बाद दोनों के घर में कोहराम मच गया है। दोनों के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### भाजपा के आरक्षण विरोधी और जनविरोधी चेहरे को बेनकाब करने की जरूरत : राधा चरण



**आरा।** जदयू ने भाजपा के आरक्षण विरोधी चेहरे को बेनकाब करने के लिए एक दिवसीय "आरक्षण विरोधी भाजपा का पोल खोल" महाधरना का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन महानगर जदयू अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी ने किया। कार्यक्रम के प्रभारी सह विधानपार्षद राधाचरण साह ने कहा कि भाजपा के आरक्षण विरोधी और जनविरोधी चेहरे को बेनकाब करने की जरूरत है। जिसके लिए कार्यकताओं को गांव गांव और घर घर जाना होगा। वहीं, जिला संगठन प्रभारी शक्ति सिंह शोला ने कहा कि सरकार से बाहर होते ही भाजपा बौखला गयी है और बौखलाहट में समाज विरोधी कार्यों और जनविरोधी कार्यों को अंजाम दे रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के आरक्षण विरोधी और जन विरोधी कामों को व्यापक रूप से विरोध जदयू के कार्यकर्ता करने का कार्य करेंगे। इसके लिए कार्यकताओं को गांव गांव में जाकर भाजपा के मंसूबों को बताने का आह्वान किया जिससे कि भाजपा के मंसूबो को ध्वस्त किया जा सके।पूर्व विधायक रमाकांत ठाकुर, पूर्व विधायक प्रभुनाथ प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष भाई ब्रह्मेश्वर, सत्यनारायण सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, अशोक शर्मा,विजय कुशवाहा,अभय सिंह, मुख्य प्रवक्ता अंजनी कुमार सिंह, राजीव रंजन श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी शंभु प्रसाद सोनी, भीम सिंह पटेल,पुष्पा कुशवाहा, नाथूराम, कृष्णा जी अधिवक्ता, मनोजा देवी,सुरेंद्र रजवार,जागा कुशवाहा, रोहित कुशवाहा,मनोजा देवी ने भी अपनी बातों को रखा। इस मौके पर ललन कुशवाहा, मुमताज वारसी,बमबम तिवारी, मनीष कुमार सिंह,प्रवीण सिंह,नागेंद्र यादव,रामधनी भरती,मनु राठौड़, सीमा यादव,प्रिंस बजरंगी, विकास सिंह,रंभा कुमारी,अवधेश राम,अजीत मेहता, संजय चौधरी,जयंत यादव,कमलेश कुशवाहा,विष्णु मिश्रा, शिवशंकर राम, जितेंद्र राम, बैजनाथ सिंह, अवधेश पांडेय,महेंद्र तुरहा, राधा देवी,ब्रिज किशोर चौधरी, अनुपमा चौरसिया,फूलकुमारी देवी, झूलन गोंड, शिवजी सिंह,वंशलायक शर्मा, हरेंद्र यादव,राजेन्द्र चंद्रवंशी,मुकुल सिंह, चिंटू बाबा, अनूप पटेल, सुधांशु सिंह,दुर्गा पटेल, विपिन विश्वास, श्रीराम महतो, मुन्ना पांडेय,अमरीश सिंह, दुर्गा पटेल, अक्षयलाल चौधरी, सुधीर कुमार सिंह,अशोक कुशवाहा, हरेंद्र सिंह, विनय मिश्रा,दुगार्शंकर परमार,बबलू चंद्रवंशी, मायाशंकर चंद्रवंशी सहित सैकड़ों की संख्या में जदयू कार्यकर्ता शामिल थे।

### वनस्टॉप सेंटर सह महिला हेल्पलाइन ने दंपति के बीच कराया सुलह, पति से भराया बॉन्ड

**जहानाबाद।** वनस्टॉप सेंटर सह महिला हेल्पलाइन, जहानाबाद में दिनांक बीते आठ अक्टूबर को घरेलू हिंसा की शिकार रेणुका देवी (काल्पनिक नाम) ने अपने पति-सिद्धनाथ के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। पीड़िता ने बताया कि उसका पति ससुराल वालों के बहकावे में आकर मारपीट करता है और बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा-दीक्षा के लिए पैसे नहीं देता। जबकि, उसका पति पटना में रहकर प्राईवेट जॉब करता है। रेणुका देवी ने दबे जुबान में बताया कि सांवली होने के कारण दूसरी शादी कर लेने की धमकी भी देता है। वनस्टॉप सेंटर के द्वारा विपक्षी पति का काउन्सलिंग किया गया। लम्बी काउन्सलिंग के बाद दिनांक 13 अक्टूबर को उभय पक्ष के बीच संयुक्त बैठक की निर्धारित तिथि में रेणुका देवी का पति अपनी पत्नी व बच्चों को अपने साथ पटना में ही एकसाथ रखने, बच्चों का किसी विद्यालय में नामांकन करवाने एवं प्रतिमाह अपनी पत्नी के खाते में दो हजार रुपये जमा करने संबंधी बनाये गए शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। उक्त शपथ पत्र पर पति सिद्धनाथ के द्वारा भविष्य में पत्नी को पुनः प्रताड़ित करने पर कानूनी कार्रवाई होने की बात पर भी हस्ताक्षर किया गया।

## आरा रमना मॅदान में भारोत्तोलन का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू



**केटी न्यूज/बक्सर**

सहरसा जिला भारोत्तोलन संघ के तत्वाधान में 04 से 06 नवंबर तक आयोजित होने वाली बिहार भारोत्तोलन (पुरुष /महिला ) प्रतियोगिता एवं भोजपुर जिले में भारोत्तोलन खेल के विकास को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को एक बैठक का आयोजन हुआ। वीर कुंवर सिंह स्टेडियम रमना मैदान में की गई उक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगता में भाग लेने वाली भोजपुर जिला टीम का ट्रायल 23 अक्टूबर को वीर कुवर सिंह स्टेडियम, रमना मैदान में सुबह 8:00 बजे से होगा। साथ ही, भारोत्तोलन प्रशिक्षण केन्द्र, वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में 09 से 15 वर्ष तक के इक्छुक भारोत्तोलक खिलाड़ियों (बालक/बालिका) को निःशुल्क प्रशिक्षण दी जायगी। उक्त प्रशिक्षण केंद्र में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपना फिजिकल टेस्ट देना होगा। इच्छुक खिलाड़ी संस्थान के जारी नंबर 7979869577 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर कुमार विजय, सिनीयर राष्ट्रीये भारोत्तोलन खिलाड़ी लव कुश कुमार, कुमार मंगलम शैलेश कुमार, अंजली पान्डेय, यदुनन्दन, नीरज कुमार सिंह एवं राकेश कुमार उपस्थित थे।

## मनमानी... सरकारी निर्देश को ठेंगा दिखा नगर परिषद गिरा रहा नदी में कूड़ा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नियमों को दरकिनार कर मनमानी करने में नगर परिषद का कोई जवाब नहीं है। मनमानी पूर्ण कार्य से एनजीटी के निर्देश का हवा निकल रहा है वहीं राज्य सरकार की महत्वकांक्षी जल जीवन हरियाली योजना पर भी संकट उत्पन्न हो गया है। सरकार का निर्देश है कि जल संचय वाले जगहों पर कूड़ा कचरा का डंपिंग नहीं करना है। कूड़ा कचरा से निकलने वाला केमिकल जहरीला तथा प्रदूषण बढ़ाने में सहायक माना जाता है। पानी का संबंध मानव जीवन और खेतों की सिंचाई से है। जिस कारण जल संचय वाली जगहों पर कूड़ा डंपिंग नहीं करने का सख्त हिदायत दी गई है। डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार तमाम निदेशों के बावजूद नया भोजपुर में



नदी के तट पर बेखौफ होकर कूड़ा डंप करा रहा है। उसी कूड़ा के ढ़ेर से नदी के गर्भ को भी भरा जा रहा है। गुरुवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार के निर्देश पर जेसीबी के सहारे कूड़े के ढ़ेर को नदी के गर्भ में भरा गया। उससे चंद कदमों की दूरी पर राजा भोज का ऐतिहासिक किला स्थित है। कूड़ा कचरा का दुष्प्रभाव नदी के साथ किला के अस्तित्व को भी प्रभावित करेगा। उल्लेखनीय है कि ऐसे ही एक मामले में नगर परिषद को हाल ही में एनजीटी के निर्देश पर नगर के काव नदी में डंप किए कूड़ा को हटाना पड़ा था। कूड़ा डंपिंग से नया भोजपुर में नदी के तट पर राजा भोज का जर्जर हो चुका किला है। जिसे सरकार की तरफ से खुदाई कराने तथा पर्यटक स्थल का दर्जा देने की कार्य योजना तैयार है। उसी जगह पर कूड़ा डंपिंग होने से प्रदूषण तथा उस चलते किला को खतरा होने की आशंका जताई जा रही है।

## भाजपा नेता के राइस मिल से दो ट्रैक्टर चोरी कांड में मुख्य सरगना समेत तीन गिरफ्तार


**केटी न्यूज/कैमूर**

जिले के करमचट थाना अंतर्गत आरडी 184 पर स्थित भाजपा नेता विमिलेश पांडेय के बजरंगबली मिनी राइस मिल से दो ट्रैक्टर चोरी कांड में मुख्य सरगना समेत तीन आरोपित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में ट्रैक्टर चोरी कांड का मुख्य सरगना बिजरा गांव निवासी पासवान गैंग का पप्पू पासवान के अलावे सुभाष पासवान और धीरज पासवान शामिल है। जानकारी देते हुए डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 29 सितंबर की रात्रि में करमचट थाना अंतर्गत आरडी 184 पर स्थित बजरंगबली मिनी राइस मिल से अज्ञात चोरों के द्वारा न्यू हॉलैंड कंपनी के ट्रैक्टर एवं स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चोरी कर ली गई थी। जिसके बाद करमचट थाना में कांड दर्ज किया गया था। इस कांड में शीघ्र उद्भेदन एवं कांड में संलिप्त अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक कैमूर के द्वारा एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था, टीम के द्वारा तकनीकी डाटा डंप सीडीआरएफ का एनालिसिस कर 11 दिनों के अंदर इस कांड का उद्भेदन और आरोपितों की गिरफ्तारी पुलिस की। बिजरा ग्राम में कांड के सरगना पासवान गैंग के पप्पू के अलावे सुभाष और धीरज के घर पर छापेमारी की गई। सरगना पप्पू के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर धीरज और सुभाष के साथ अकोढ़ीगोला स्थित बिंदेश्वरी सिंह के कबाड़ी दुकान से दोनों ट्रैक्टर के पार्ट्स एवं शशि महतो के कबाड़ी दुकान से चोरी गए न्यू हॉलैंड कंपनी के ट्रैक्टर के दो बड़ा टायर बरामद किया गया।

## स्वास्थ्य पर ध्यानः 11 नवंबर को आयोजित किया जायेगा मॉप अप दिवस

# 7 नवंबर को 1 से 19 वर्ष के बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि मुक्ति की दवा

- कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने पत्र जारी कर दिए निर्देश
- राज्य के 32 जिलों में मनाया जायेगा कृमि मुक्ति दिवस



**केटी न्यूज/भभुआ**

जिले के बच्चों एवं किशोरों को सात नवंबर को अल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जायेगी। जिले के 1-19 वर्ष के बच्चों को कृमि से बचाने के लिए यह अभियान राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत दवा खिलाई जायेगी। इस बाबत कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने जिला पदाधिकारी को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। जारी पत्र में बताया गया है कि सात नवंबर को अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों एवं किशोरों को 11 नवंबर को मॉप अप दिवस का आयोजन कर उन्हें भी दवा खिलाई जाएगी। अभियान के दौरान बच्चों एवं किशोरों को तथा उनके अभिभावकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।

**प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को किया जायेगा जागरूक :** अभियान की सफलता को लेकर सभी सरकारी विद्यालयों एवं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पोस्टर, बैनर, पंपलेट और माइकिंग आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जाएगा। जिससे कोई भी बच्चा यह दवाई खाने से छूट ना पाए। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को उम्र के अनुसार खुराक दी जायेगी और इसे लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। अभियान को लेकर माइक्रोप्लान तैयार किया जाएगा और उसी के हिसाब से बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।

**राज्य के 32 जिलों में मनाया जायेगा कृमि मुक्ति दिवस :** जारी पत्र में बताया गया है कि राज्य के 32 चयनित जिलों में एक से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी. 11 नवंबर को मॉप अप दिवस आयोजित किया जायेगा। ये जिले हैं कैमूर, अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, पूर्वी चंपारण, गया, गोपालगंज, जमुई, जहानाबाद, कटिहार, किशनगंज, खगड़िया, मधेपुरा, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, पटना, पुर्णिया, सहरसा, सारण, शेखपुरा, शिवहर, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल,वैशाली एवं पश्चिमी चंपारण।

**माइक्रोप्लान एवं लक्षित बच्चों की संख्या जल्दी होगी तय:** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. आरके चौधरी ने बताया कि जल्दी ही कृमि मुक्ति दिवस पर दवा खिलाये जाने वाले बच्चों की संख्या निर्धारित कर ली जाएगी साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए माइक्रोप्लान भी ससमय तैयार कर लिया जायेगा। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि दवा के सेवन के उपरांत कुछ बच्चों में उल्टी या मिचली महसूस होती है तो घबराने की जरूरत नहीं है। पेट में कीड़े होने पर दवा खाने के बाद सिरदर्द, उल्टी, मिचली, थकान होना या चक्कर आना महसूस होना एक सामान्य प्रक्रिया है जो थोड़ी देर में ठीक हो जाती है।



महात्मा गाँधी

आप जो करते हैं वह नगण्य होगा, लेकिन आपके लिए वह करना बहुत अहम है।



## जिले छोटी खबरें

### युवक के साथ मारपीट, चार को बनाया आरोपी

**डुमरांव।** नगर के हेयात मोहम्मद पथ निवासी रोहित कुमार ने स्थानीय थानें में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए चार युवकों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि वह बुधवार की रात नेनुआ से आ रहा था इसी दौरान हाता गांव के पास उपेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, मनीष और रौशन नामक युवक उसे घेरकर पीटने लगे। किसी तरह वह जान बचाकर भागा। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष बिन्देश्वर राम ने इसकी पुष्टि की है।

### छापेमारी में डुमरांव पुलिस ने जब्त की 12 बोतल शराब


**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने गुप्त सूचना पर नगर के गिरधारी की गली मोहल्ले से 12 बोतल शराब बरामद किया है। हालांकि शराब कारोबारी की पहचान नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि गिरधारी की गली में एक युवक अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने वहा छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान गली में एक जगह प्लास्टिक के थैले में छिपाकर रखा गया 12 बोतल शराब मिला।

### स्टेशन से चौबीस पीस शराब बरामद

**बक्सर।** बक्सर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन के फुट ओवर ब्रिज के नीचे से एक थैले में छिपाकर रखे गए 24 पीस शराब की शीशियों को जीआरपी पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान बरामद किया है।

# अलर्ट: 70 हजार से कम प्लेटलेट्स वाले मरीजों को चिह्नित कर की जा रही निगरानी

**केटी न्यूज/बक्सर**





- जिलाधिकारी के निर्देश पर डेंगू का एसओपी जारी, स्वास्थ्य विभाग लगातार कर रहा अनुश्रवण
- डेंगू के मरीज चिह्नित होने पर सभी निजी अस्पताल व जांच घरों को सीएस को देनी होगी जानकारी
- डेंगू के लक्षणों को नजरअंदाज न करें, बुखर होने की स्थिति में अनिवार्य रूप से जांच कराएं

जिले में मच्छरों का प्रकोप देखने के बाद जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर डेंगू का एसओपी जारी कर दिया गया है। जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्रखंड में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निगरानी और अनुश्रवण के लिए सख्त निर्देश दिया है। ताकि, डेंगू व उससे मिलते जुलते लक्षण वाले मरीजों की पहचान, इलाज और फॉलोअप किया जा सके। वहीं, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग ने सभी प्रखंडों को 70 हजार से कम प्लेटलेट्स वाले मरीजों को चिह्नित करने का निर्देश जारी किया है। ताकि, उनमें डेंगू की जांच कर स्थिति का पता लगाया जा सके।

सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया, जिले में फिलहाल डेंगू की स्थिति नियंत्रण में है। गत दिनों जिले में डेंगू से मौत के मामले की जांच की गई। इसके लिए गुरुवार को जिलास्तर व प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों ने राजपुर जाकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों के अनुसार मृतक पिछले सालों से पटना में रहता था। जहां तबियत खराब होने पर वो गांव लौटा था। लेकिन, स्थिति बेकाबू होने के बाद परिजन उसे बनारस ले गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद लोगों को सतर्क और सवाधान रहने की जरूरत है। डेंगू के लक्षणों को नजरअंदाज न करें, बुखर होने की स्थिति में अनिवार्य रूप से जांच कराएं।

**जांच को लेकर विभाग ने जारी किया है निर्देश :** दूसरी ओर, राज्य में बढ़ते डेंगू के मामलों को देखते हुए विभाग ने डेंगू की जांच को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। जिसके तहत सभी निजी अस्पताल व जांच घरों को डेंगू के मरीज चिह्नित होने पर सीएस को जानकारी देनी होगी। साथ ही, जांच को लेकर इस्तेमाल किट से भी अवगत कराया जा सकता है, ताकि डेंगू के मरीज पाए जाने पर इसको रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाया जा सके। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के एसपीओ डॉ. विनय कुमार शर्मा ने सिविल सर्जन को डेंगू की जांच जिले के निजी अस्पताल एवं जांच घरों में कराने से संबंधित दिशा-निर्देश दिया है। साथ ही, कहा गया है कि निजी अस्पतालों एवं जांच घरों में डेंगू की जांच रैपिड डायग्नोस्टिक किट (आरडीटी किट) से करने के बाद परिणाम आते ही उसे डेंगू मरीज घोषित कर दिया जाता है, जबकि केंद्र सरकार द्वारा डेंगू की आधिकारिक रूप से जांच की प्रक्रिया केवल एलिसा एनएस वन एवं आईजीएम किट से करने का निर्देश है। इसका अनुपालन किया जाए।

### इन बातों का रखें ध्यान

- ☐ घर के आस-पास साफ पानी जमा नहीं होने दें
- ☐ जमे हुए पानी में मिट्टी का तेल अथवा जले हुए मोबिल का छिड़काव कर दें
- ☐ सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें
- ☐ फूल बांह का कपड़ा पहनें।

**बचाव के लिए शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनना अनिवार्य :** वेक्टर जनित रोगों में वे सभी रोग आ जाते हैं जो मच्छर, मक्खी या कीट के काटने से होते हैं, जैसे: डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, स्क्रब टायफस या लेप्टोंस्पायरोसिस आदि। मलेरिया एवं डेंगू या अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचने के लिए दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करना चाहिए। मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी कर सकते हैं। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनना ज्यादा बेहतर है। घर के सभी कमरों की सफाई के साथ ही टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रिज में पानी को स्थिर नहीं होने देना चाहिए। गमला, फूलदान का पानी एक दिन के अंतराल पर बदलना जरूरी है।

# रास्ते की मांग को ले आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम किया कोरानसराय नारायणपुर मार्ग

- थानाध्यक्ष के आश्वासन पर टूटा जाम, दो. घंटे तक ठप रहा परिचालन
- बुधवार को हाई कोर्ट के निर्देश पर तोड़ी गई थी सड़क

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रखंड के कनझरूआं पंचायत अंतर्गत मंड़सरा के ग्रामीणों ने गुरुवार को रास्ते की मांग पर कोरानसराय नारायणपुर मार्ग को सोनकी पुल के पास जाम कर दिया था। जिस कारण करीब दो घंटे तक इस मार्ग पर वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया था। बाद में कोरानसराय थानाध्यक्ष जुनैद आलम के आश्वासन के बाद जाम ग्रामीणों ने जाम हटाया। सड़क जाम कर रहे ग्रामीण मुख्य पथ से गांव को जोड़ने के लिए रास्ते की मांग कर रहे थे। बता दें कि बुधवार को ही सोनकी पुल से मंड़सरा तक बनी करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क के शुरूआत से ही प्रशासन ने 125 फिट लंबी व सोलह फिट चौड़ी सड़क को हाई कोर्ट के निर्देश पर तोड़वा था। जबकि, मंड़सारा के तीन हजार की आबादी के लिए यही सड़क गांव से बाहर आने जाने का एकमात्र रास्ता थी। एसडीओ ने बताया कि हाई कोर्ट के निर्देश पर सड़क के कुछ हिस्सें को तोड़ा गया है। हालांकि, ग्रामीणों ने बुधवार को प्रशासन की कार्रवाई का विरोध नहीं किया था। लेकिन गुरुवार को गांव से बाहर निकलने के लिए रास्ता की मांग कर प्रशासन की मुश्किलें जरूर बढ़ा दी है।



सड़क जाम करते मंड़सरा के ग्रामीण

**थानाध्यक्ष के आश्वासन पर टूटा जाम :** ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम किए जाने की सूचना पर पहुंचे कोरानसराय थानाध्यक्ष जुनैद आलम ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम किए जाने की सूचना पर वहां पहुंच उन्हें समझाया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सड़क की वैकल्पिक व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया है।

### निजी जमीन पर बना दी गई थी सड़क

बताया जाता है कि मंड़सरा को कोरानसराय नारायणपुर पथ से जोड़ने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा जो सड़क बनवाई गई थी। लेकिन सोनकी पुल के पास से 125 फिट दूर तक यह सड़क निजी जमीन में बनी थी। जिसका विरोध जमीन मालिक ने उसी समय किया था। लेकिन, ग्रामीणों तथा विभाग ने इसे अनसुना कर दिया था। तब जमीन मालिक मजबूर होकर पटना हाई कोर्ट में रीट याचिका दायर किया था। हाई कोर्ट का फैसला भी उसके पक्ष में आया। जिसके बाद एसडीओ के नेतृत्व में प्रशासन व पुलिस ने हाई कोर्ट के आदेश का पालन कराते हुए सड़क के उक्त हिस्सें को जेसीबी से तोड़वा दिया।

### गांव से निकलने का एकमात्र विकल्प था यह मार्ग

दूसरी तरफ, यह सड़क मंडसरा गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने का एकमात्र विकल्प थी। इसी सड़क के सहारे ग्रामीण कही आते जाते थे। सड़क तोड़ दिए जाने से ग्रामीणों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीण मनोज पासवान, राजू पासवान समेत कई अन्य ने बताया कि सड़क तोड़ दिए जाने से बीमारों को अस्पताल ले जाने, बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जाने, महिलाओं, प्रसूताओं, बुजुर्गों आदि सभी की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने के बाद से उनके उम्मीदों को पंख लगे थे। बड़ी संख्या में इस गांव से छात्र–छात्राएं हर दिन पढ़ने के लिए कोरानसराय तथा अन्य जगहों पर आते जाते थे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत, चालक जख्मी



**डुमरांव।** गुरुवार को एनएच-84 पर नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के चंदा गांव के पास एक बाइक चालक सड़क पार कर रही गाय से टकरा गया। जिससे बाइक सवार युवक तथा उसके पीछे बैठे अधेड़ को गंभीर चोटे आई। राहगीरों के सहयोग से दोनों को प्रताप सागर स्थित मेथोडिस्ट अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बाइक चालक की हालत स्थिर हो गई, जबकि अधेड़ को गंभीर चोटें आई थी। उन्हें वहां से रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए बक्सर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक ऋषिकांत चौबे पिता स्व. परशुराम चौबे उम्र 57 वर्ष डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन गांव के रहने वाले थे। वहीं, जख्मी युवक उसी गांव का 25 वर्षीय गुड्डू सिंह है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों एक ही बाइक पर बैठ अपने गांव से बक्सर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक चंदा गांव के पास पहुंची कि रोड पर अचानक एक गाय क्रास करने लगी। जिससे बाइक की टकरा गई। दुर्घटना के बाद बाइक चालक व पीछे बैठे व्यक्ति सड़क पर गिर पड़े। आस पास में मौजूद लोगों द्वारा तत्काल उन्हें स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया गया। इलाज के दौरान ऋषिकांत की मौत होने के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। उनकी पत्नी सिंधु देवी तथा दोनों बेटों शशिभूषण व चंद्रभूषण का रो रोकर बुरा हाल था। इस घटना से ग्रामीण भी मायूश है। ग्रामीणों की मानें तो वे काफी मिलनसार थे। यही कारण है कि उनकी मौत से पूरा गांव मर्माहत हो गया है।

### निबंधन कार्यालय खुला लेकिन मुद्रांक विक्रेता व दस्तावेजनवीश को बैठने तक की जगह नहीं

**डुमरांव।** पिछले माह आननफानन में डुमरांव प्रखंड कार्यालय परिसर में निबंधन कार्यालय को खोला गया। बुधवार से इसमें काम शुरू भी हो गया है। लेकिन जमीन की रजिस्ट्री करवाने से लेकर विभाग को राजस्व जमा करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मुद्रांक विक्रेताओं तथा दस्तावेजनवीशों को विभाग द्वारा अबतक कोई भी सुविधा प्रदान नहीं की गई है। लिहाजा सूचना भवन के जर्जर छत के नीचे या फिर खुले आसमान तले बैठ स्टांप विक्रेता व कातिब अपना काम करने को मजबूर हो रहे है। जिस कारण उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों द्वारा किए जाने वाले जमीन की खरीद बिक्री इन्ही स्टांप वेंडरों तथा कातिबों के माध्यम से होती है। विभाग के लिए इनकी भूमिका भी महत्वपूर्ण है। लेकिन, विभाग द्वारा इनके बैठने तक की व्यवस्था नहीं किए जाने से ये कभी इस पेड़ के नीचे तो कभी उस छत के नीचे बैठने को बाध्य है। जिस कारण उन्हें काम करने में परेशानी के साथ ही दस्तावेजों तथा मुद्रांक के रख रखाव में भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कातिब त्रिभुवन लाल, बीरेन्द्र सिंह आदि ने बताया कि डुमरांव में आनन फानन में रजिस्ट्री आफिस खोला गया है। यदि इस कार्यालय को सुव्यवस्थित तरीके से खोला गया होता तो इनके बैठने की जगह भी जरूर बनाई गई होती। सुविधाओं का दंश झेल रहे कातिबों ने अवर निबंधक से तत्काल उनके बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है।

### सिमरी में चोरी से बिजली जलाते 10 लोग किए गए चिन्हित, दर्ज हुआ एफआईआर

**सिमरी।** गुरुवार को सिमरी थाना क्षेत्र के चकनी एवं रमधनपुर गांव में विद्युत कंपनी ने विद्युत चोरी की रोकथाम को लेकर सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कंपनी के छापेमार दल द्वारा दस लोगों को विद्युत चोरी करते चिन्हित किया गया। यह छापेमारी कंपनी के सुपरवाइजर रामानुज चौबे के नेतृत्व में चलाया गया था। छापेमारी दस्ता ने रमधनपुर गांव के चिन्हित बिजली चोरों दिलीप यादव पर 6514 रुपये, लक्ष्मण पासवान पर 26045 रुपये, रामलाल पासवान पर 19577 रुपये, लालबाबू सिंह पर 20319 रुपये, धर्मेंद्र सिंह पर 30368 रुपये, चंद्रमा पासवान पर 22422 रुपये कंपनी द्वारा फाइन किया गया। वहीं, चकनी गांव में के शंभू राम पर 9643 रुपये व राम अवतार राम पिता राम इकबाल राम पर 5875 रुपये, संतोष राम पर 8330 रुपये व महेंद्र राम पर 4738 रुपये का जुर्माना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया है। एफआईआर सिमरी प्रक्षेत्र के जेई रौनक राज ने कराया है। इसमें कई ऐसे थे जिन्होंने विद्युत कनेक्शन नहीं लिया था जबकि कई का विपत्र बकाया होने के चलते कंपनी द्वारा कनेक्शन काट दिया गया था। लेकिन ये लोग चोरी छिप्पे बिजली जला रहे थे। कंपनी की इस कार्रवाई के बाद चोरी से बिजली जलाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### नप पर विकास बाधित करने का आरोप लगा पूर्व वार्ड पार्षद ने लिखा महामहिम को पत्र

**डुमरांव।** डुमरांव के पूर्व वार्ड पार्षद सोनू राय ने देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु समेत बिहार के राज्यपाल व मुख्य सचिव को पत्र लिख नगर विकास विभाग पर शहरी क्षेत्रों का विकास ठप करने का आरोप लगाया है। महामहिम को दिए पत्र में पूर्व पार्षद ने बताया है कि नगर विकास विभाग की लापरवाही से नगर निकायों में पिछले दस महीने से विकास कार्य ठप पड़ा है। जिससे शहरी क्षेत्र की जनता को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, टैक्स जमा करने के बाद भी उन्हें नगर निकायों से मिलने वाली मुलभूत सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। गौरतलब है कि राज्य सरकार के निर्देश पर नगर विकास विभाग द्वारा नगर निकायों को भंग कर उसकी जिम्मेवारी ईओ तथ अन्य प्रशासक के जिम्मे सौंपा गया है। जनता द्वारा चुने गए पार्षदों का अधिकार छिने जाने तथा समय से चुनाव नहीं होने से नगर निकायों के प्रशासक निरंकुश होने लगे है।

## आज से चार दिनों तक उपभोक्ताओं को झेलना होगा बिजली कटौती का दंश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

ग्रामीण क्षेत्र के कुछ उपभोक्ताओं को शुक्रवार से चार दिन तक बिजली की कम सप्लाई का दंश झेलना होगा। ऐसा डुमरांव बिक्रमगंज के 132 केवी ट्रांस लाइन के क्षमता में हो रहे विस्तार के चलते होगा। स्थानीय स्तर पर चार दिनों तक बिजली सप्लाई में कमी की समस्या उत्पन्न होगी। क्षमता विस्तार के चलते स्थानीय स्तर पर बिजली कटौती कार्य 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। मामले की जानकारी देते हुए सहायक विद्युत अभियंता ग्रामीण कोरानसराय अर्जुन कुमार ने बताया कि 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कोपवा, एकौनी, सिकिठा, रजडीहा, चुआड़, कसियां, अटाव, खैरही के अलावे रूलर तथा कृषि फीडर बिजली सप्लाई कम की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा



है कि निर्धारित समय से पहले बिजली के जरूरी कार्यों को निष्पादित कर लेना होगा। उन्होंने कहा है कि क्षमता विस्तार कार्य होने से डुमराव और बिक्रमगंज क्षेत्र में बिजली सप्लाई और अधिक बेहतर हो सकेगा। बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन द्वारा किए जा रहे इस कार्य के तहत 132 केवी के पुराने और जर्जर तार बदल दिए जा रहे है। तार के बदले जाने से बिजली सप्लाई में तीन गुना और उससे अधिक वृद्धि होना संभव होगा। सहायक अभियंता का कहना है कि इस कार्य को पूरा करने से इसका लाभ बिजली कंपनी तथा उपभोक्ता दोनों को मिलेगा।

### डुमरांव तथा इटाढ़ी में निकाय चुनाव के लिए चिन्हित हुआ मतदान केंद्र

**डुमरांव।** नगर परिषद डुमराव व नवगठित नगर पंचायत इटाढ़ी के मतदान केंद्रों का चयन कर लिया गया है। मतदान केंद्रों की सूची के प्रारूप का प्रकाशन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-जिला पदाधिकारी बक्सर द्वारा आम नागरिकों के निरीक्षण के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के सूचना पट्ट नगर परिषद डुमराव एवं नगर पंचायत इटाढ़ी के निर्वाचित पदाधिकारी के कार्यालय के सूचना पट्ट वार्ड में स्थित डाकघर अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किया गया है।राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आपत्ती संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी इटाढ़ी एवं डुमराव अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव तथा जिला पंचायती राज पदाधिकारी बक्सर के समक्ष दिनांक 13 अक्टूबर 2022 से 26 अक्टूबर 2022 तक (कार्यालय अवधि में) प्राप्त किया जाएगा।

## नरक में तब्दील हो गया है सुमित्रा महिला कॉलेज रोड, पैदल चलना भी मुश्किल

- नगर परिषद प्रशासन की चुप्पी से गहराने लगा है लोगों का आक्रोश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय शहर में नगर परिषद अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने में विफल है। नगर का सुमित्रा महिला कॉलेज रोड नरक में तब्दील हो गया है। जलजमाव तथा कीचड़ से मुख्य मार्ग पैदल चलने लायक भी नहीं बचा है। गड्ढे में तब्दील इस सड़क पर वाहनों का परिचालन होने से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसा नहीं कि पदाधिकारियों को इस खराब सड़क के बारे में जानकारी ना हो। इसी रास्ते एसडीओ कुमार पंकज तथा नगर परिषद के ईओ मनोज कुमार को आना जाना होता है। लेकिन पदाधिकारी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साध कर यह प्रमाणित कर रहे हैं कि उन्हें जनता के दुख दर्द से कोई मतलब नहीं है। प्रतिदिन सुमित्रा महिला कॉलेज में पठन-पाठन के लिए हजारों छात्राएं गिरते पड़ते कॉलेज जाती है। चाणक्य कॉलोनी, शिवपुरी कॉलोनी तथा सुमित्रा कॉलेज रोड में रहने वाले तमाम लोगों के आने जाने का यह मुख्य मार्ग है। सवाल यह कि नगर परिषद आखिर किस मर्ज की दवा है यह समझ से परे है। इस सड़क पर व्याप्त बड़े बड़े गड्ढें तथा उसमें हुआ जलजमाव पैदल यात्रियों के भी परेशानी का कारण है। वाहन चालकों को इस रास्ते आने जाने में दिक्कत होती है। कभी भी कोई वाहन पलटने का खतरा बना रहता है। जलजमाव तथा कीचड़ से हालात नारकीय बनी है। इस सड़क के आसपास रहने वाले लोग और अधिक परेशान है। लोगों को घर से निकलते ही कीचड़ का सामना करना पड़ता है।



सुमित्रा कॉलेज पथ में जलजमाव व कीचड़ का नजारा

## न्यूरो मरीजों को दवा से अधिक खानपान सुधारने व व्यायाम करने की जरूरत

- पाल कटरा स्थित निदान केन्द्र में न्यूरो मरीजों के लिए शिविर का हुआ आयोजन
- शिविर में न्यूरो के सैकड़ो मरीजों की हुई जांच, दिन भर लगी रही भीड़

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के पाल कटरा स्थित निदान केन्द्र में गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत न्यूरो मरीजों की जांच व इलाज के लिए मुफ्त शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वाराणसी के चर्चित न्यूरों चिकित्सक डॉ. पंकज कुमार सिंह द्वारा सैंकड़ों मरीजों की जांच पड़ताल कर उनका इलाज व जरूरी सलाह दिया गया। शिविर में पूरे दिन दूर दराज के मरीज आ रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार इस शिविर में डुमरांव के साथ ही बक्सर, सिमरी, ब्रह्मपुर, चक्की, नावानगर, केसठ, राजपुर, इटाढ़ी आदि प्रखंडों से मरीज आए थे। जिनका जांच व इलाज किया गया। डॉ. पंकज कुमार सिंह ने केशव टाइम्स को बताया कि इस क्षेत्र में न्यूरों मरीजों की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि दवा के साथ ही कुछ मामलों में नियमित व्यायाम व अच्छी नींद आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि न्यूरों मरीजों को बेहतर सुझाव दिया गया है। इस दौरान दूर दराज से आए मरीज मुफ्त व अच्छा इलाज मिलने से खुश दिखे। इस दौरान डॉ. पंकज ने न्यूरो मरीजों को दवा से अधिक खानपान सुधारने तथा व्यायाम करने की सीख दी। ताकि, उनके सुझावों का पालन कर कई मरीज नस संबंधित गंभीर बीमारियों से छुटकारा पा सकें। मौके पर अस्पताल के संचालक अक्षय कुमार समेत कई अन्य थे।



शिविर में मरीज की जांच करते डॉ. पंकज

**न्यूरों चिकित्सक की कमी से परेशान होते है मरीज:** बता दें कि डॉ. पंकज कुमार सिंह डुमरांव के इकलौते न्यूरो विशेषज्ञ है। उनके पहले तक अनुमंडल क्षेत्र के न्यूरों तथा मानसिक रोगियों को इलाज के लिए पटना बनारस जाना पड़ता है। जिस कारण उन्हें काफी आर्थिक व शारीरिक कष्टों को सहना पड़ता है। डॉ. पंकज के आने के बाद इस क्षेत्र के मरीजों को काफी सहूलियत मिली है। यहां इलाज कराने आने वाले मरीजों ने डॉ. पंकज के न्यूरो संबंधित अच्छी जानकारी तथा कुशल व्यवहार की सराहना की है। शिविर के दौरान कई ऐसे मरीज भी थे जिन्हें गंभीर बीमारियां थी। शिविर के दौरान अस्पताल संचालक अक्षय कुमार की भूमिका भी सराहनीय दिखी। उन्होंने कहा कि इस इलाके के मरीजों की समस्या को देखते हुए ही उन्होंने न्यूरो के विशेषज्ञ चिकित्सक से यहा समय देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वे महीने में दो बार यहा आते है। उनके इलाज के तरीकों की मरीज काफी सराहना करते है।

### क्राइम मीटिंग में एसपी ने पर्व त्योहारों में अलर्ट रहने का दिया निर्देश

**बक्सर।** बक्सर एसपी नीरज कुमार सिंह ने गुरूवार को जिले के सभी थानाध्यक्षों तथा दोनों अनुमंडलों के एसडीपीओ के साथ क्राइम मीटिंग कर उन्हें आगामी दीपावली तथा छठ त्योहारों में अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। एसपी ने थानाध्यक्षों से क्राइम कंट्रोल करने, शराब तस्करी पर लगाम लगाने, फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने तथा पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए है। एसपी ने कहा कि पर्व त्योहरों के समय शराब तस्कर व शरारती तत्व विशेष रूप से सक्रिय हो जाते है। उनपर कड़ी नजर रखनी होगी। इसके अलावे उन्होंने लंबित कांडो के शीघ्र निष्पादन करने की बात भी कही है।

## छोटी खबरें

### बोलेरो व बाइक में भिड़ंत, भाई-बहन सहित चार घायल

**बलिया।** जिले के रसड़ा-मऊ मार्ग के महतवार चट्टी के सामने गुरुवार की शाम एक तेज रफ्तार बोलेरो व बाइक की टक्कर हो जाने से बाइक सवार भाई-बहन सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसड़ा लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के दौरान दो की हालत नाजुक होने पर दोनों को जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि अरविंद चौहान निवासी बेलौंझा के पुत्र अनूप चौहान (14) तथा पुत्री अंकिता (6) कुछ दिन पूर्व अपने ननिहाल महराजपुर आये हुए थे। जिन्हें उनके रिश्तेदार छोटेलाल चौहान (22) पुत्र स्व. सरदार चौहान व पिंटु चौहान (25) पुत्र विजय चौहान बाइक से लेकर बेलौंझा उनके घर पहुंचाने जा रहे थे। तभी महतवार गांव के सामने सामने से आ रही बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मारते हुए भाग निकली। जिससे चारों गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को तत्काल रसड़ा सीएचसी पर लाया गया। जहां से चिकित्सकों के द्वारा पिंटु व अनूप को जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया।

### 14 को गाजीपुर आएंगे जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल

**गाजीपुर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का गाजीपुर आगमन 14 अक्टूबर को हो रहा है। प्रोटोकॉल के अनुसार 14 अक्टूबर को दिन में 12 बजे वाराणसी हवाई अड्डा से सड़क मार्ग से गाजीपुर पहुंचेंगे। प्रोटोकॉल प्रभारी अधिकारी ने बताया कि उप राज्यपाल, जम्मू और कश्मीर मनोज सिन्हा शुक्रवार को वाराणसी एयरपोर्ट से प्रस्थान करेंगे। सड़क मार्ग द्वारा जनपद गाजीपुर में 2 बजे पीडब्लूडी डाक बंगला गाजीपुर में पहुंचेंगे। इसके बाद 4 बजे ग्राम मोहनपुरा, तहसील मुहम्मदाबाद पहुंचने के बाद 8 बजे वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे। मनोज सिन्हा का जन्म गाजीपुर के मोहनपुरा में हुआ था। 2014 लोकसभा चुनाव में गाजीपुर से जीत हासिल करने के बाद केंद्रीय रेल राज्य मंत्री बनाए गए थे। बीते 2019 की लोकसभा चुनाव में माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी से हार का सामना करना पड़ा। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल पद पर आसीन होने के बावजूद मनोज सिन्हा का गाजीपुर से जुड़ाव बना रहा। कुछ दिन पहले उनके पुत्र अभिनव सिंह की गाजीपुर में सक्रियता से राजनीतिक गलियारे में चचाओं का दौर तेज हो गया था। वहीं अब मनोज सिन्हा का गाजीपुर दौरा सियासी पंडितों के लिए चर्चा की नई वजह बना हुआ है।

# सनबीम स्कूल बलिया को चौथी बार मिला बेस्ट को-एड डे स्कूल का पुरस्कार

**केटी न्यूज/बलिया**





◆ इंडिया स्कूल रैंकिंग 2022-23 में बेस्ट कोएड-स्कूल का खिताब जीतकर सनबीम स्कूल बलिया ने रचा इतिहास

जिले के अगरसंडा ग्राम स्थित सनबीम स्कूल किसी परिचय का मोहताज नहीं है। बहुत कम समय में इस विद्यालय ने कठोर परिश्रम, लगन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से अपने अनोखे प्रयासों से शिक्षा जगत में अपने नाम को विशिष्टता के शिखर पर पहुंचा दिया है। विद्यालय का उद्देश्य न केवल पठन-पाठन कराना अपितु अपने विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना भी रहा। जिसकी वजह से शिक्षा जगत के कई पुरस्कार आज विद्यालय के नाम दर्ज हो चुके हैं। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए बीते 12 अक्टूबर को सनबीम स्कूल बलिया ने लगातार चौथी बार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड, इंडिया स्कूल रैंकिंग 2022-23 का बेस्ट को-एड डे स्कूल का पुरस्कार प्राप्त किया है।

बताया जाता है कि प्रत्येक वर्ष दिल्ली में देश के समस्त विद्यालयों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों का अवलोकन करते हुए एजुकेशन वर्ल्ड में विभिन्न वर्ग के मापदंडों के आधार पर पुरस्कृत किया जाता है। लगातार चौथे वर्ष यह पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति दृढ़ हो, तो कोई भी कठिनाई आपको सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचने से नहीं रोक सकती। विद्यालय परिवार ने सदैव ही हर परिस्थिति में स्वयं को संघर्ष की अग्नि में तपाकर कुंदन बनाया है। यह पुरस्कार विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने एजुकेशन वर्ल्ड के सीईओ भाविन शाह द्वारा प्राप्त किया। इस अवसर पर सनबीम ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन डॉ. दीपका मधोक, डायरेक्टर श्रीमती भारती मधोक, डिप्टी डायरेक्टर अमृता बर्मन तथा सनबीम एडुसर्व के डायरेक्टर हर्ष मधोक उपस्थित रहे।

बेस्ट को-एड स्कूल चयनित होने से संपूर्ण विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय तथा सचिव अरूण कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को देते हुए कहा कि एकजुट होकर पूरे लगन से कार्य करने का ही परिणाम है कि लगातार चौथे वर्ष भी हमें यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि सनबीम स्कूल ने एजुकेशन वर्ल्ड में निर्धारित समस्त मापदंडों को पूरा किया है। इस पुरस्कार के लिए विद्यालय के शिक्षण कार्यों के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए किए जाने वाले प्रयासों का निरीक्षण किया जाता है। सनबीम स्कूल उनकी हर कसौटी पर खरा उतरा। डॉ. सिंह ने आगे बताया कि हमारा विद्यालय जिले का एकमात्र ऐसा प्राइवेट विद्यालय है जिसमें विद्यार्थियों को एनसीसी की ट्रेनिंग भी दी जाती है।

प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक सदैव हर चुनौती के लिए तैयार रहते हैं। शिक्षा, प्रतियोगिता, खेल के साथ हर क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए सभी शिक्षक स्वयं को सदैव ग्रूम करते रहते हैं। जिससे समय की मांग के अनुरूप विद्यार्थियों को शिक्षित किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी हम इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए अथक प्रयास करते रहेंगे।

# अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ दूसरे दिन भी चला अभियान, जमानियां व सेवराई में छापेमारी

## अनियमितता मिलने पर सील किए गए अस्पताल, कई लोगों को भेजा गया नोटिस

■ अस्पतालों व पैथॉलोजी सेंटर के संचालकों को नोटिस भेग 24 घंटे में मांगा गया स्पष्टीकरण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिले में अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ प्रशासन का डंडा दूसरे दिन भी चला। इस दौरान गुरुवार को जिले के जमानियां व सेवराई में संबंधित एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर छोपमारी की। जिसमें अलग-अलग स्थानों के तीन निजी स्वास्थ्य संस्थान को सील किया गया। वहीं, छह संस्थानों को नोटिस भेजा गया। मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डीएम के निर्देश पर जमानियां में गुरुवार को विभिन्न गांवों कस्बों में एसडीएम भारत भार्गव, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रवि रंजन पुलिस बल के साथ अस्पतालों पर छापेमारी की। टीम ने अनियमितता मिलने पर पांडेय मोड़ के समीप संचालित निजी अस्पताल को सील कर दिया। साथ ही संचालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराने के निर्देश चिकित्सा अधीक्षक को दिया। इसके अलावा एसडीएम ने क्षेत्र में संचालित 6 अस्पतालों, पैथॉलोजी सेंटरों के संचालकों को नोटिस जारी कर चौबीस घंटे में स्पष्टीकरण मांगा। जबाब न देने पर अस्पतालों को सील कर मुकदमे की चेतावनी दी। छापेमारी की सूचना मिलने ही कई नर्सिंग होम संचालक अपने अस्पताल बंद कर फरार हो गए।

वहीं, जमानियां की टीम में शामिल एसडीएम व चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम सबसे पहले पांडेय मोड के समीप टीआरजी अस्पताल पहुंची। जहां संचालक को पंजिकरण व अन्य जरूरी कागजात दिखाने को कहा। न दिखाने एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती आधा दर्जन मरीजों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कर अस्पताल को सील कर दिया। साथ ही मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए।एसडीएम भारत भार्गव ने बताया कि क्षेत्र में बिना पंजिकरण के अस्पताल व पैथॉलोजी संचालन की खबर मिलने पर कार्रवाई की गई है। मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

### सेवराई में दो हॉस्पिटल्स को किया गया सील, डॉक्टरों पर केस दर्ज करने का आदेश

दूसरी ओर, दिलदारनगर थाना क्षेत्र में एसडीएम राजेश प्रसाद चौरसिया ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ अवैध अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान दो निजी अस्पतालों को सील किया गया। जबकि दो निजी चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिया गया। एसडीएम राजेश प्रसाद ने बताया कि जेएस चिल्ड्रन पाली क्लीनिक को सीज किया गया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राजकुमार व शिवम अस्पताल के चिकित्सक डॉ. रविंद्र कुमार पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए सीएचसी प्रभारी को निर्देश दिए हैं।

इन दोनों पर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर अस्पताल से गायब होने का आरोप है। अस्पताल एवं सर्जिकल सेंटर पर भी छापेमारी की कार्रवाई की गई। लेकिन वहां एक भी मरीज भर्ती नहीं मिले। कुछ ऐसे अस्पतालों के खिलाफ अभी अभियान चलाया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध अस्पताल संचालकों एवं निजी अस्पतालों पर जांच की कार्रवाई की जा रही है। जिन अस्पताल में मानक के अनुरूप अनियमितता पाई जा रही है, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। दिलदारनगर में अभियान चलाकर 2 अस्पताल संचालकों एवं संबंधित चिकित्सकों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। अन्य पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. धनंजय आनंद ने बताया कि एसडीएम के नेतृत्व में अभियान चलाकर दर्जन भर अस्पतालों का निरीक्षण किया गया है।

## फर्जी अंक व प्रमाण पत्र के सहारे शिक्षक की नौकरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

देवरिया के जय प्रकाश यादव के नाम पर सहायक अध्यापक की नौकरी कर रहे गड़वार थाना क्षेत्र के मठमैन निवासी ज्ञानप्रकाश अतिश को बुधवार को बीआरसी पकवाइनार के गेट से एसटीएफ की टीम ने धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एसटीएफ ने शैक्षिक अभिलेख के अलावा दो मोबाइल और नकदी भी बरामद की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार सहायक अध्यापक जय प्रकाश यादव नाम से प्राथमिक विद्यालय, कुरेम, रसड़ा में नौकरी कर रहा था। जिसका वास्तविक नाम ज्ञान प्रकाश अतिश है, जो देवरिया जिले के सलेमपुर थाना अंतर्गत श्रीनगर गांव निवासी हरेन्द्र यादव का बेटा जय प्रकाश यादव के फर्जी शैक्षिक दस्तावेज के आधार पर नौकरी कर रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह बलिया जिले के गड़वार थाना अंतर्गत मठमैन निवासी शिवजी यादव का बेटा ज्ञान प्रकाश अतिश है। उसने 2006 हाईस्कूल की परीक्षा में बाल विद्या भवन हायर सेकेंड्री स्कूल रतसर, बलिया से एवं 2008 में इंटरमीडिएट की परीक्षा रामदाश इंटर कॉलेज, सिकरिया नं. - 01, बलिया से एवं स्नातक परीक्षा किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रकसा, गड़वार बलिया से उत्तीर्ण किया है। उसने अपनी नौकरी के लिये दस्तावेज स्वयं और राजू यादव पुत्र रामरतन यादव साकिन रकसा, रतसर के सहयोग से बनाया है। बताया कि राजू यादव ने ही शैक्षिक दस्तावेज जय प्रकाश यादव के नाम का उपलब्ध कराया था। फिर इन लोगों द्वारा बीए के अंक पत्र में हेर-फेर की कूटरचना करके वह सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त हुआ था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना रसड़ा में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है। एसटीएफ की टीम में निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह, हेकां यशवंत सिंह, आशुतोष तिवारी, अभिलाष तिवारी, आरक्षी महेन्द्र प्रताप सिंह, रणधीर सिंह आदि रहे।

## भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी जिसका छोटा कार्यकर्ता भी बन सकता है राष्ट्रीय अध्यक्ष : राज्यमंत्री

■ भारतीय जनता युवा मोर्चा का एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग हुआ संपन्न

**केटी न्यूज/बलिया**



रामदहिनपुरम स्थित आदर्श उत्सव वाटिका में गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा का एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं को वैचारिक शिक्षा दीक्षा तथा कार्यपद्धति में दक्ष बनाने की प्रशिक्षण दी गई। कार्यक्रम चार सत्रों में आयोजित किया गया। जिसमें हर सत्र में अलग-अलग विषयों पर वक्ताओं द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सरकार में राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी उपस्थित रहे तथा सत्र की अध्यक्षता भाजयुमो क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रानू राजभर ने की। उपस्थित राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने सरकार की योजनाओं के बारे में कार्यकताओं को बताया। राज्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार में युवाओं के जीवन को आसान बनाने वाली तमाम योजनाएं है। जिनका लाभ युवाओं को उठानी चाहिए। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी अपने मेहनत और हुनर के दम पर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है। समापन सत्र में अध्यक्षता कर रहे भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अश्वनी सिंह 'लिटिल' ने उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों तथा व्यवस्था में लगे कार्यकताओं का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत तिवारी, अभिषेक सिंह 'सूरज', अविनाश सिंह, जिला मंत्री नितेश सिंह विक्की, अभिषेक सिंह, आशुतोष तिवारी, मोहित मौर्या, निखिल पाण्डेय, जिला कार्यसमिति सदस्य विशाल सिंह, मनीष गुप्ता मोनू, राघवेंद्र सिंह, अतुल आनंद सिंह, बंटी गुप्ता, सर्वेंद्र सिंह तथा सभी 31 मंडल के अध्यक्ष तथा महामंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अर्जुन चौहान ने किया।

# डॉ. कलाम का पूरा जीवन विज्ञान के प्रति समर्पित था : एसएचओ

■ प्रज्ञा पब्लिक स्कूल, घाटमपुर के विज्ञान प्रदर्शनी में दिखा बच्चों का कौशल

**केटी न्यूज/बलिया**



प्रज्ञा पब्लिक स्कूल घाटमपुर मनियर के बच्चों द्वारा गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बच्चों ने अनेकों वैज्ञानिक सामानों का मॉडल बनाया। जिसमें जलकल वाटर, जपानी वाटर, ज्वाला मुखी, सोलिगं आयरन, मिनी वाटर पम्प, सौर उर्जा, इलेक्ट्रीक रिबोट, सेव सोलर एनर्जी, हास्पीटल, किडनी, स्मार्ट सिटी, एयर पोल्यूसन, मेन्सन हाऊस सहित अनेकों मॉडल बनाकर प्रदर्शनी लगाया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि मनियर एसएचओ आरआर यादव व विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मुकेश सिंह ने बच्चों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का गहनता से अवलोकन कर एक एक बच्चों से सवाल जबाब कर जानकारी ली। उन्होंने अच्छे मॉडल बनाने वाले बच्चों की पीठ थपथपाई। इस दौरान एसएचओ आरआर यादव ने कहा कि धरती की उत्पत्ति के समय से ही विज्ञान एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में रहा है। कहा कि डॉक्टर अब्दुल कलाम ने विज्ञान के प्रति अपनी पूरी जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने एक से बढ़कर एक यंत्रों का आविष्कार किया, जिसके चलते वे मिसाइल मैन के नाम से जाने जाते हैं। वहीं, डॉक्टर मुकेश सिंह ने कहा कि बदलते परिवेश और विज्ञान के युग को देखते हुए बच्चे काफी परिपक्व हो रहे हैं। विज्ञान के प्रति बच्चों की बढ़ रही रुचि को देखकर अच्छे दिन की कामना की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बच्चों के अलग-अलग ग्रुप में इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। विज्ञान जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वर्तमान में विज्ञान कहां से कहां पहुंच गया है। रामकुमार बारोलिया ने बच्चों के कार्य की सराहनी की। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। मॉडल बनाने से बौद्धिक व मानसिक विकास होता है। अतिथियों ने कहा कि बच्चों की इतनी छोटी उम्र में यह प्रदर्शनी साबित करती है कि ये बच्चे भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब होंगे। यह प्रदर्शनी साबित कर रही है कि ये कलाकार बच्चे एक वैज्ञानिक के रूप में उभरकर देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक पराशर मुनि पाल ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वहीं, बच्चों के प्रदर्शनी की तैयारी कराने वाले शिक्षक सुमेर चौरसिया को बुक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधान संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनियर सत्येन्द्र पाठक उर्फ लड्डू पाठक, अगस्त मुनि पाल, राणा सिंह, चन्द्रमा मिश्रा,अखिलेश सिंह, देवेन्द्र, संदीप, सोनू, इंदू देवी आदि रहे।

## एक नजर

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ नौ दिवसीस यज्ञ



**बलिया।** क्षेत्र के चांदपुर गांव में होने वाले दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का कलश यात्रा गुरुवार को निकाला गया। भृगु क्षेत्र के स्वामी आनंद प्रकाश त्रिपाठी के सानिध्य में कलश यात्रा सिर पर कलश लेकर नर नारी झखड़ी बाबा स्थान से बलेजी सरया कनेला होते हुए गाजा बाजा हाथी घोड़ा एवं विभिन्न प्रकार की झांकियों के साथ मंदिर प्रांगण में बने यज्ञ स्थल पर पहुंचा। स्वामी त्रिपाठी जी ने बताया कि यह नौ दिवसीय यज्ञ है, जो 22 तारीख तक चलेगा यज्ञ चार्य काशी से रमानाथ मिश्र एवं सहयोगी अशोक शास्त्री, मनु शास्त्री, दुर्गेश शास्त्री व रामनारायण उपाध्याय होंगे। बताया कि मुख्य यजमान के रूप संतोष सिंह स्वप्तनी, राकेश सिंह, जयराम सिंह, चंदन शर्मा, मनोज सिंह, निर्भय नारायण सिंह, सोनू सिंह, रतन सिंह, सुरेंद्र सिंह, रमाकांत सिंह, ओमप्रकाश सिंह व अध्यक्ष बबुआ सिंह मुख्य यजमान हैं। इस मौके पर समाजसेवी भाजपा नेता भानु दुबे, मुकुल दुबे, प्रधान अवधेश बिंद, राजेश सिंह, सुभाष सिंह, ब्रह्मा यादव, दीनदयाल आदि मौजूद रहे।

### न्यायालय ने सांसद व पूर्व मंत्री पर तय किए आरोप

**बलिया।** न्यायालय सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक कोर्ट तपस्या त्रिपाठी की अदालत ने 2010 के मामले में सांसद व मंत्री रहे वीरेंद्र सिंह मस्त, उपेंद्र तिवारी, देवेंद्र यादव, विजय गुप्ता व रंगनाथ मिश्रा के खिलाफ आरोप तय किया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के 2010 का है। वादी के अनुसार यह लोग जिलाधिकारी कार्यालय के सामने नारा लगा रहे थे, जिसमें अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया था। इसमें मुकदमा दर्ज कराया गया। उक्त मुकदमा का विचारण उपरोक्त न्यायालय में चल रहा है। जिसमें उक्त सभी आरोपी न्यायालय में बुधवार को उपस्थित हुए। न्यायालय ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ आरोप तय किया। जिसमें सभी लोगों ने फिर से विचारण की मांग की।

### नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में 19 को मनाया जाएगा जिला युवा उत्सव, होंगी कई प्रतियोगिताएं

**बलिया।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में युवा उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत टाउन डिग्री कॉलेज के मनोरंजन हाल में 19 अक्टूबर को सुबह 9:00 बजे से जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। जिसमें मोबाइल फोटोग्राफी, युवा कलाकार पेंटिंग प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता में पहला ,दूसरा एवं तीसरा स्थान पाने वाले को क्रमशः 1000, 750 व 500 रुपयं का पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। भाषण प्रतियोगिता के लिए अपनी विरासत पर गौरवान्वित होना विषय निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वालों को क्रमशः 5 हजार, दो हजार व 1000 रुपये का पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। वहीं, युवा संवाद में चार उत्कृष्ट प्रतिभागियों को 1500 का पुरस्कार दिया जाएग। उक्त प्रतियोगिताओं में जनपद के 15 वर्ष से 29 वर्ष के प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाने वाले को राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल होने का अवसर भी मिलेगा। एक प्रतिभागी किसी एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैंकउक्त के संबंध में अधिक जानकारी के लिए नेहरू युवा केंद्र बलिया के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### बकाया बिजली बिल को लेकर विभाग सख्त, 220 लोगों का काटा कनेक्शन व 35 पर मुकदमा

**बलिया।** बिजली के बकाया वसूली को लेकर विद्युत विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। बीते दिन मनियर व बांसडीह रोड क्षेत्र में अभियान चलाकर विभागीय टीम ने कुल 220 लोगों का कनेक्शन काटा। टीम ने 35 लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया। मनियर क्षेत्र के हथौज गांव में विद्युत विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान 180 बकाएदारों की बिजली काट दी और चोरी से विद्युत का प्रयोग कर रहे 35 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके अलावा 55 उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगाया गया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता बलिया आरके सिंह, उपखंड अधिकारी आरके यादव, उप निरीक्षक विजिलेंस पंकज यादव, अवर अभियंता कैलाश राव, संजय यादव, अलाउद्दीन अंसारी आदि रहे। **बांसडीहरोड में भी की गई कार्रवाई :** विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता आशीष कुमार अग्रवाल एवं एसडीओ एके भारती के नेतृत्व में विभिन्न ग्राम सभाओं सहित बांसडीह रोड बाजार में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 40 कनेक्शन काट दिए गए। साथ ही बकाया बिल जमा करने की चेतावनी दी गई। टीम ने कुल 45 हजार रुपये की वसूली की। जेई गजेंद्र सिंह ने बताया कि बताया कि 10 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों के कनेक्शन काटा गया। इस मौके पर रसड़ा जेई जितेंद्र कुमार, सुधांशु, कृपा निधान, कृपा सिंह, राजकुमार, कृपा सिंधु, मनोज बिंद, सुभाष यादव आदि रहे। 90 बकायदारों की काटी बिजली, 90 हजार की वसूलीः अवैध बिजली जलाने वाले व बकायेदारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बे में भेदी बाबा के पास बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने बुधवार को सघन जांच की। एसडीओ अशोक कुमार भारती के नेतृत्व में कर्मचारियों ने 90 बकायेदारों की बिजली काटी। टोंका फंसाकर बिजली जलाने वालों को कहा गया कि एक सप्ताह के अंदर कनेक्शन ले लें अन्यथा भविष्य में पकड़े जाने पर एफआईआर कराया जाएगा। अवर अभियंता गजेंद्र सिंह ने बताया कि इसी क्रम में नब्बे हजार रुपए की वसूली भी बकायेदारों से की गई और आगे भी यह अभियान चलता रहेगा।